5 रु. कोर्ट फी Rs.5 COURT FEE भारत INDIA पाँच रुपये FIVE RUPEES

5 रु. कोर्ट फी Rs.5 COURT FEE भारत INDIA पाँच रुपये FIVE RUPEES

NOTARIAL NOTARIAL

शपथपत्र

समक्षः श्रीमान् रजिस्ट्रार जनरल,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ।

शपथपत्र– **मिनजानिब अनुराधा शुक्ला पत्नी अमरेन्द्र त्रिवेदी निवासी पता–हाउस नंबर 9 जजेज कंपाउण्ड कचेहरी, फतेहपुर ।**

मैं शपथकर्ती बहलफ निम्नलिखित बयान व तस्दीक करती हूँ किः–

दफा 01– यह कि शपथकर्ती उपरोक्त बतौर सिविल जज (सी0 डि0), जनपद फतेहपुर में कार्यरत है एवं उपरोक्त पते पर अस्थायी निवासी है ।

दफा 02– यह कि शपथकर्ती के पति श्री अमरेन्द्र त्रिवेदी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अन्तर्गत खाद्य एवं रसद विभाग में बतौर एरिया राशनिंग ऑफिसर (क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी) के पद पर जनपद फतेहपुर में स्थानान्तरण के उपरान्त दिनांक 05.07.2022 से कार्यरत हैं ।

दफा 03– शपथकर्ती के पति का कार्यकाल जनपद फतेहपुर में अभी एक वर्ष शेष है ।

दफा 04– शपथकर्ती का स्थानान्तरण वर्ष 2023–24 में होना है। शपथकर्ती द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष मात्र एक वर्ष जनपद फतेहपुर में स्टे के संदर्भ में प्रत्यावेदन दिया गया है ।

दफा 05– शपथकर्ती द्वारा यह भी सादर अवगत कराया जा रहा है कि शपथकर्ती की सुपुत्री का जन्म दिनांक 31.08.2023 को हुआ है, जो वर्तमान में मात्र 5 माह 22 दिन की है जिसके पालन–पोषण हेतु पिता के सहनिवास की महती भूमिका है ।

दफा 06– शपथकर्ती द्वारा जनपद फतेहपुर में अपने पति के सेवाकाल के आधार पर एक वर्ष का स्टे चाहा गया है एवं उक्त के संदर्भ में शपथकर्ती द्वारा यह शपथपत्र प्रस्तुत किया जा रहा है ।

दफा 07– शपथकर्ती द्वारा अपने पति का एम्प्लायामेन्ट सर्टिफिकेट व पे–स्लिप सादर अवलोकनार्थ प्रेषित कर रही है ।

दफा 08– यह कि शपथकर्ती द्वारा उक्त दी गयी सभी सूचनाएं सत्य हैं ।

दफा 9– यह कि शपथकर्ती द्वारा उपरोक्त सशपथ बयान करती है कि शपथपत्र की दफा 01 लगायत 07 मेरी निजी जानकारी में सही व सच हैं कोई बात छिपाई नहीं गयी है। सच बोलने में ईश्वर मेरी मदद करे, स्थान सिविल कोर्ट परिसर, फतेहपुर ।

ह0 शपथकर्ती Anuradha Shukla

अनुराधा शुक्ला
सिविल जज (सी0 डि0), फतेहपुर।
UP–02387

ह0 शपथकर्ती Anuradha Shukla

अनुराधा शुक्ला

044

23/2/24